# गेहूं खरीदी केंद्रों पर भारी बदहाली: लू के अलर्ट के बीच तप रहे किसान, अफसर बने मूकदर्शक

### कलेक्टर और डीएसओ की जांच के बाद भी बकिया केंद्र में मनमानी मंडी में बारदाना गायब और खरीदी ठप

सतना।

**क्षेत्र के गेहूं खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी हैं। एक तरफ मौसम विभाग ने भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया है,वहीं दूसरी तरफ अन्नदाता केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं और प्रशासनिक लापरवाही के कारण खून के आंसू रोने को मजबूर है। अधिकारियों के निरीक्षण के दावों की हवा जमीनी हकीकत खुद बयां कर रही है।**

### डीएम और डीएसओ की जांच भी बेअसर,'सिकमी' के खेल में किसान परेशान

बकिया खरीदी केंद्र भ्रष्टाचार और मनमानी का अड्डा बन चुका है। हैरत की बात यह है कि बीते दिन ही डीएम (नान) और डीएसओ ने यहाँ का मुआयना किया था,लेकिन उनके जाते ही व्यवस्थाएं फिर जस की तस हो गईं।

### खुद की लेबर से तौल रहे किसान:

केंद्र प्रभारी ने तुलाई के लिए लेबर तक की व्यवस्था नहीं की है। चिलचिलाती धूप में किसान खुद मजदूर लाकर तौल करवाने को मजबूर हैं।

### लापता ऑपरेटर और 4 दिन की देरी

केंद्र से ऑपरेटर लगातार गायब रहता है। आज भी ऑपरेटर न होने का बहाना बनाकर किसानों की तौल नहीं चढ़ाई गई। किसानों को तौल पर्ची के लिए 4-4 दिन तक चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### सिकमी और बिचौलियों का खेल:

तौल के बाद कई दिनों तक डेटा एंट्री नहीं की जाती। आरोप हैं कि इसकी आड़ में स्थानीय बनियों और बिचौलियों से बचे हुए स्लॉट और 'सिकमी' के जरिए अवैध खरीदी का बड़ा खेल खेला जा रहा है।

### उचेहरा मंडी में न बारदाना,न उठाव; ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतार में तड़प रहे अन्नदाता

उचेहरा विपणन खरीदी केंद्र पर स्थिति और भी भयावह है। यहाँ शासन और प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण खरीदी पूरी तरह ठप पड़ी हुई है।

### तकनीकी खामी ने बढ़ाई मुसीबत:

सर्वर और तकनीकी खराबी के चलते न तो स्लॉट बुक हो पा रहे हैं और न ही ट्रांसफर हो रहे हैं। मंडी में न तो पर्याप्त वारदाना (बोले) उपलब्ध है और न ही खरीदे गए गेहूं का उठाव हो रहा है, जिससे चारों तरफ अव्यवस्था का माहौल है।

### तपती धूप में खड़े सैकड़ों किसान

इस भीषण गर्मी में सैकड़ों किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ मंडी में फंसे हुए हैं। न छांव की व्यवस्था है और न पानी की,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे हैं।



### किसानों का आक्रोश:

किसानों का कहना है कि एक तरफ सरकार किसान हितैषी होने का दम भरती है,वहीं दूसरी तरफ इस जानलेवा गर्मी में उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है।अगर जल्द ही बकिया और उचेहरा केंद्रों की स्थिति नहीं सुधरी,तो किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी में 'माई की रसोई' बनी राहत का सहारा



**मैहर।** भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच धर्मनगरी मैहर में मानव सेवा की एक प्रेरणादायी मिसाल देखने को मिल रही है। सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था 'माई की रसोई' के संचालक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज पाण्डेय के सुपुत्र युवा समाजसेवी सौरज पाण्डेय द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ,शीतल जल,बिस्कुट एवं खिचड़ी महाभोग वितरण की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। राहगीरों,मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सेवा सिविल अस्पताल गेट के सामने तथा सरला नगर रोड पुरानी कचहरी के सामने शुरू की गई है,जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। सौरज पाण्डेय स्वयं धूप में खड़े होकर जरूरतमंदों को शीतल जल एवं महाभोग वितरित कर सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि "मानव सेवा ही माधव सेवा है। हमारा संकल्प है कि मैहर में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन व सेवा की कोई कमी न हो।" उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए शहर के अन्य हिस्सों में भी अस्थायी प्याऊ एवं राहतकेंद्र शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि 'माई की रसोई' पिछले सात वर्षों से निरंतर गरीब,असहाय एवं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था संचालित कर रही है।

### वरदाने और कचरे में लगी आग



**मैहर।** जिले के पुरानी बस्ती क्षेत्र स्थित मस्जिद के पास गुरुवार दोपहर अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग आकाश वसंतानी पिता राजू वसंतानी निवासी मैहर के घर के पीछे खुले में रखे वरदाने और कचरे में लगी,जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग पीछे की ओर खेत से फैलते हुए घर के पीछे रखे सामान तक पहुंची। आग लगते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर दो फायर ब्रिगेड वाहन और दो पानी के टैंकर पहुंचाए गए,जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित आकाश वसंतानी ने बताया कि आगजनी की इस घटना में लगभग 25 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आग की लपटों और धुएं के कारण आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया था। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### खाद्यान्न नहीं बांटने पर सेल्समैन समेत प्रबंधक पर एफआईआर

**मैहर।** जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न वितरण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है।कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशन में की गई जांच के बाद बदेरा क्षेत्र अंतर्गत बरा खुर्द सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान गोरइया के विक्रेता धनीराम दहिया और समिति प्रबंधक कमलेश विश्वकर्मा के खिलाफ थाना बदेरा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। दोनों पर उपभोक्ताओं से पीओएस मशीन में अंगूठा लगवाने के बावजूद राशन वितरण नहीं करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार जनवरी से जून 2026 तक उपभोक्ताओं को मिलने वाला खाद्यान्न रिकॉर्ड में वितरित दिखाया गया,लेकिन वास्तविक रूप से राशन हितग्राहियों तक नहीं पहुंचा। मामले की शिकायत मिलने पर जिला दंडाधिकारी ने एसडीएम दिव्या पटेल को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रियंका अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों और वितरण व्यवस्था की जांच की। जांच में सामने आया कि दुकान द्वारा 15 लाख 52 हजार 691 रुपये मूल्य का 552 क्विंटल गेहूं, 7 लाख 27 हजार 861 रुपये मूल्य का 181 क्विंटल चावल,16 हजार 704 रुपये मूल्य की 3.48 क्विंटल शक्कर और 28 हजार 645 रुपये मूल्य का 29.38 क्विंटल नमक का वितरण नहीं किया गया। कुल मिलाकर 23 लाख 25 हजार 901 रुपये मूल्य के खाद्यान्न में गड़बड़ी पाई गई।

# बरहों कार्यक्रम की तैयारी में लगी आग तड़के चिंगारी से गृहस्थी जलकर राख





सतना।

जिले के कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरवा गांव में बुधवार शाम बरहों कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। घटना के वक्त का वीडियो भी सामने आया है,बताया जा रहा है कि भोजन बनाते समय तड़का लगाने के दौरान उठी चिंगारी से कच्चे मकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया,जिससे लाखों रुपये का घरेलू सामान,खाद्यान्न और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के प्रयास में एक महिला भी झुलस गई। जानकारी के अनुसार पुरवा निवासी सूरज वर्मा के घर पर बच्चे के जन्म के बाद होने वाले बरहों कार्यक्रम का आयोजन होना था। बुधवार शाम करीब 6 बजे घर में कार्यक्रम के लिए खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान भोजन में तड़का लगाते समय चिंगारी उछली और छप्परनुमा कच्चे मकान में आग भड़क गई। आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। हादसे में घर में रखा खाद्यान्न, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर समेत पूरा गृहस्थी का सामान जल गया। आग की लपटें और धुएं को देखकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के दौरान एक महिला झुलस गई,जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी भेजा गया है। पीड़ित सूरज वर्मा को हादसे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

# 50 की 'जंपिंग चोरी' पर 2 घंटे ड्रामा; पेट्रोल पंप पर कम तौल के बाद बाउंसर गार्ड की बदतमीजी, युवाओं ने घेरा, दहशत में आया मैनेजमेंट

### 100 के पेट्रोल में आधा लीटर की डकैती, पकड़े जाने पर रिफंड का खेल, सुरक्षाकर्मी की गुंडागर्दी और फिर शुरू हुआ 'बदले का काउंटडाउन'

सतना।

स्मार्ट सिटी बनने की राह पर अग्रसर सतना शहर के सबसे व्यस्ततम और संवेदनशील व्यावसायिक क्षेत्र जगतदेव तालाब रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर बीते दिनों एक ऐसी घटना घटी,जिसने न केवल शहर के ईंधन उपभोक्ताओं के कान खड़े कर दिए हैं,बल्कि पेट्रोल पंपों पर होने वाली 'मशीनी हेराफेरी' (जंपिंग) और वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों के रवैये पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मात्र 100 रुपए के पेट्रोल के लेन-देन से शुरू हुआ यह विवाद देखते ही देखते एक बड़े टकराव में बदल गया। पेट्रोल पंप के नोजल मैन द्वारा की गई 'जंपिंग' (रीडिंग को बीच में ही रोककर धोखा देना) की वजह से ग्राहक को सिर्फ 50 रुपए का पेट्रोल मिला। जब जागरूक युवाओं ने इस चोरी को रंगे हाथों पकड़ लिया,तो पेट्रोल पंप प्रबंधन ने अपनी साख बचाने के लिए तुरंत पैसे तो वापस (रिफंड) कर दिए,लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हुई। विवाद के दौरान पेट्रोल पंप की सुरक्षा में तैनात एक निजी सुरक्षा गार्ड ने अपनी सीमाओं को लांघते हुए पीड़ित युवाओं के साथ बदतमीजी कर दी। इस 'खाकी नुमा' रौब से आहत और आक्रोशित युवा पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। वे सुरक्षाकर्मी से सीधे टकराव के बजाय 'गांधीवादी लेकिन बेहद आक्रामक' तरीके पर उतर आए। युवक पेट्रोल पंप के ठीक सामने,सड़क के किनारे मजबूत इरादों के साथ लगातार घंटों डटे रहे। उनका मकसद साफ था- जैसे ही इस बदतमीज सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी खत्म होगी और वह पंप की परिधि से बाहर निकलेगा,वे उससे अपनी अस्मिता का हिसाब लेंगे।

### दहशत का वो मंजर:

युवाओं के इस 'साइलेंट धरने' और आंखों में तैरते आक्रोश को देखकर सुरक्षाकर्मी के पसीने छूट गए। घंटों तक खौफ के साए में जीने के बाद,जब उसे अपनी जान पर बन आती दिखी,तो उसने भागने के बजाय पेट्रोल पंप के मालिक से आपबीती सुनाई। इसके बाद शुरू हुआ प्रबंधन का मान-मनौव्वल का दौर। बाद में युवाओं को 50 रुपए वापस किए गए तब मामला शांत हुआ।





# 50 हजार से अधिक के संपत्ति कर बकायेदारों पर कसेगा शिकंजा, नालों और पुलियों की सफाई के लिए चला विशेष अभियान

सतना।

नगर पालिक निगम द्वारा शहर के विकास,राजस्व सुदृढ़ीकरण और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर चौतरफा प्रयास तेज कर दिए गए हैं। एक तरफ जहां महापौर योगेश ताम्रकार ने संपत्तिकर विभाग की समीक्षा कर राजस्व बढ़ाने और जन-शिकायतों के त्वरित निपटारे के निर्देश दिए हैं,वहीं दूसरी तरफ आगामी मानसून और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए शहर के प्रमुख नालों व मोहल्लों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया है।

### संपत्तिकर व्यवस्था होगी पारदर्शी

महापौर योगेश ताम्रकार की अध्यक्षता में संपत्तिकर विभाग की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य फोकस संपत्तिकर व्यवस्था को अधिक पारदर्शी,प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के साथ-साथ निगम के राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ करना रहा। महापौर ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं और संपत्तिकर से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों व शिकायतों का तुरंत निराकरण हो।राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन बकायेदारों पर 50हजार रुपए से अधिक का संपत्तिकर बकाया है,उनके प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे मामलों में प्रभावी और समयबद्ध वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि निगम के वित्तीय स्त्रोत मजबूत हो सकें।

### जल निकासी को सुचारु बनाने पोकलेन से साफ हुआ

टिकुरिया टोला नाला शहर को स्वच्छ रखने और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टिकुरिया टोला स्थित बड़े नाले की सफाई पोकलेन मशीन लगाकर कराई गई। नाले में जमा वर्षों पुरानी गाद,मिट्टी और कचरे को पूरी तरह से हटाकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाया गया। नालों के साथ-साथ पुलियों और बस्तियों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भैंसखाना स्थित ईदगाह चौराहा क्षेत्र की पुलिया की सघन सफाई की गई,जिससे जल प्रवाह में आ रही बाधाएं दूर हो गईं। जीवन ज्योति कॉलोनी परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ,कचरामुक्त और व्यवस्थित बनाया गया। नगर निगम प्रशासन के अनुसार,शहर के प्रमुख नालों,पुलियों और सार्वजनिक स्थलों की यह नियमित साफ-सफाई आगे भी जारी रहेगी ताकि नागरिकों को एकस्वच्छ,स्वस्थ और सुंदर वातावरण मिल सके।

### मैहर में भीषण गर्मी का कहर, तापमान 43 डिग्री

**मैहर।** जिले में भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जबकि न्यूनतम तापमान करीब 30 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। भीषण गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए जिले में आपातकालीन अलर्ट भी जारी किया गया।कई लोगों के मोबाइल फोन पर अचानक तेज बीप के साथ वाइब्रेशन होने लगा,जिसके बाद स्क्रीन पर गर्मी और लू से बचाव संबंधी चेतावनी संदेश दिखाई दिया।

# पूरा किराया, फिर भी फर्श पर बसेरा: रेलवे की 'सुपरफास्ट' लूट, यात्री जमीन पर बैठने को मजबूर!

### जेब ढीली,पीठ टेढ़ी: क्या इसी 'अमृत काल' के सफर का यात्रियों ने चुकाया है पूरा दाम?

सतना।

भारतीय रेलवे की दावों की पोल खोलती एक ऐसी कड़वी सच्चाई सामने आई है,जिसने सफर को 'सफर' नहीं,बल्कि एक 'सजा' बना दिया है। देश में चमचमाते विज्ञापनों के बीच,आम और मध्यम वर्गीय रेल यात्री आज भी नारकीय हालातों में सफर करने को मजबूर हैं। सबसे शर्मनाक बात यह है कि यात्रियों से एक-एक पाई का पूरा किराया वसूला जा रहा है,लेकिन बदले में उन्हें बैठने के लिए एक सीट तक नसीब नहीं हो रही। यात्री पूरी रात ट्रेन के फर्श पर,टॉयलेट के पास चादर बिछाकर काटने को मजबूर हैं। रेलवे का यह कैसा सिस्टम है जहाँ यात्री अपनी गाढ़ी कमाई का पूरा पैसा देकर टिकट खरीदता है, लेकिन ट्रेन में पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती? रेलवे बोर्ड हर त्योहार और सीजन में 'स्पेशल ट्रेनें' चलाने के लंबे-चौड़े दावे करता है,लेकिन धरातल पर ये दावे दम तोड़ देते हैं।



### यात्रियों का दर्द:

हमने स्लीपर क्लास का पूरा किराया दिया है। लेकिन कोच में इस कदर अवैध भीड़ घुस गई है कि हम फर्श पर बैठे हैं। रेलवे हमसे पैसे तो वीआईपी वाले वसूलता है,लेकिन सहूलियतें जानवरों जैसी दे रहा है। - **सफर कर रहे एक नाराज यात्री।**

### दलालों की मौज ,जनता बेहाल

आम जनता महीनों पहले टिकट बुक कराने के बाद भी वेटिंग लिस्ट में अटकी रहती है,जबकि पूरा किराया देने के बाद भी आरक्षित कोचों में इस कदर भीड़ उमड़ रही है कि वैध टिकट धारक अपनी ही सीट पर बैठ नहीं पा रहे हैं। जानकारों और आक्रोशित जनता का आरोप है कि रेलवे अब सिर्फ अमीर और भारी-भरकम किराया देने वाले यात्रियों की चिंता कर रहा है।

### कम किए गए स्लीपर कोच

ट्रेनों से लगातार सामान्य और स्लीपर कोचों की संख्या घटाई जा रही है और उनकी जगह महंगे एसी कोच बढ़ाए जा रहे हैं। कोचों में क्षमता से चार गुना ज्यादा लोग ठूंस-ठूंस कर भरे जा रहे हैं। टीटीई और आरपीएफ के जवान इस अराजकता पर मूकदर्शक बने बैठे हैं।

### जनता के सब्र का इम्तिहान कब तक?

रेलवे प्रशासन को यह समझना होगा कि आधुनिकता केवल ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने से नहीं, बल्कि यात्रियों को सम्मानजनक सफर देने से आती है। पूरा किराया लेकर यात्रियों को जमीन पर बैठने के लिए मजबूर करना सीधे तौर पर उपभोक्ता अधिकारों का हनन और जनता के साथ धोखा है। क्या रेल मंत्रालय इस अंधेरगर्दी पर कोई सख्त कदम उठाएगा,या 'कमाई' के नशे में चूर होकर आम जनता को ऐसे ही उनके हाल पर रेंगने के लिए छोड़ दिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल के बीच पहुंचे एडीएम, बोले पारिश्रमिक में न हो कटौती



**अजयगढ़।** अजयगढ़ में चल रही स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल के बीच अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) संजय नागवंशी कर्मचारियों से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और स्काई बुल कॉरपोरेशन से आए प्रतिनिधि से स्पष्ट शब्दों में कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी विषम परिस्थितियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, इसलिए उनके पारिश्रमिक में किसी भी प्रकार की कटौती नहीं की जानी चाहिए।बैठक के दौरान कंपनी प्रतिनिधि ने बताया कि कर्मचारियों के पारिश्रमिक से 18 प्रतिशत जीएसटी सहित पीएफ की राशि काटी जाती है। इस पर कर्मचारियों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कंपनी द्वारा कई वर्षों से पीएफ जमा नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों का यह भी आरोप है कि जिन कर्मचारियों का पीएफ जमा किया जाता है, उनकी राशि भी बहुत कम होती है।मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम संजय नागवंशी ने जिला चिकित्सा अधिकारी से चर्चा कर कंपनी एवं आउटसोर्स कर्मचारियों से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच कराने और कर्मचारियों को मिलने वाली वास्तविक राशि की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। कर्मचारियों ने प्रशासन से समय पर वेतन भुगतान, बढ़े हुए वेतनमान का लाभ तथा पीएफ संबंधी अनियमितताओं की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी



**पन्ना।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पन्ना में आज दिनांक 21 मई 2026 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अनीस खान की अध्यक्षता में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी आधुनिक भारत के निर्माण, सूचना क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने एवं युवाओं को नई दिशा देने वाले दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने का कार्य किया। उनके विचार एवं नीतियां आज भी देश के युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय राजीव गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।


## 151 साप्ताहिक पारायण महायज्ञ पूजन-अर्चन के साथ प्रारंभ

**पन्ना।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री 108 श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा सतगुरु श्री धनी देवचंद जी मंदिर में भव्य श्री 151 साप्ताहिक पारायण महोत्सव एवं महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार से श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच किया गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया तथा मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

शमशान की सड़क की राशि बिना काम के निकाली, अंततः मीडिया की सुर्खियां बनी फिर भी जुगाड़ू काम प्रशासन के जिम्मेदार आखिर कब करेंगे कार्यवाही

# सरपंच एवं सचिव नहीं सुनते बात मनमर्जी से करते हैं काम-उपयंत्री


**अजयगढ़।** जिला पंचायत व जनपद पंचायत अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य ग्राम पंचायतो के माध्यम से स्वीकृत किये जाते है शमशान की सीसी सड़क जनपद पंचायत अजयगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बरियारपुर कुर्मियान में जहां बिना सड़क बने ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 5 लाख रूपये की राशि से बनने वाली सड़क जिसमें 2 लाख 24 हजार की राशि निकाल ली गई थी। मौके पर निर्माण कार्य नहीं किया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर जहां मीडिया ने संज्ञान में लिया तो जनपद पंचायत सीईओ व उपयंत्री ने पंचायत को नोटिस जारी किया। आनन-फानन में सड़क बनाना शुरू किया गया लेकिन वह भी कृपा की जा रही है। सड़क की गुणवत्ता को लेकर अब सवाल खड़े हो गये है वहीं जब इस मामले में उपयंत्री से जाना गया तो आपका कहना है कि सरपंच व सचिव मेरी बात नहीं सुनते मनमानी करते है आखिरकार हालात ग्रामीण पंचायतों की इस तरह से कार्यों की पोल खोलते है कार्यप्रणाली को लेकर। जहां मॉनीटरिंग सिफर हो चुकी है वहीं ग्राम सभाओं से लेकर आम जनता को धोखे में रखकर कार्य किये जाते है।




केन-बेतवा लिंक परियोजना में ग्राम सभाओं की फर्जीकरण की पोल जिले में खुल चुकी है यह अतिसंयुक्ति नहीं है कि अधिकत्तर ग्राम पंचायतो में ग्राम सभायें नहीं कराई जाती प्रशासन से मिलीभगत के चलते महज सरपंच व सचिव स्वयं के लाभ के कार्य करने को लेकर फर्जी ग्राम सभाओं के प्रस्ताव पारित करके कार्य स्वीकृत कराने की कार्यप्रणाली को अंजाम देते



है राशि निकल जाती है निर्माण कार्य नहीं होते आखिरकार यह कैसी भर्रेशाही। उपयंत्री अपना उत्तरदायिदत्व छुड़ाने को लेकर सीधा-साधा कथन दे देते है सरपंच सचिव बात नहीं सुनते मनमानी करते है आखिर कार्यवाही क्या की जाती है। बिना निर्माण कार्य के राशि निकल जाती है। वहीं नोटिस के बाद कार्य करवाने के लिए रचना रची जाती है वह भी काम चलाउ गुणवत्तापूर्ण कार्य न कराये जाने को लेकर कौन जिम्मेदार है। आखिरकार कब जायेगें जिम्मेदार। स्वयं हालात को समझे ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की कहानी जो रचने में जिम्मेदार सहयोगी बनते है आखिरकार शमशान की सड़क को तो बख्सो। कार्यवाही की जगह लीपापोती आखिर क्यों। जिम्मेदार क्या कार्यवाही को देगें अंजाम वहीं गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण कराये जाने को लेकर कब जागेगा प्रशासन।




## गोपाल जी वेयर हाउस के पास गेहूं से भरा ट्रक पलटा, ड्राइवर बाल-बाल बचा

**पन्ना।** जिले के पवई क्षेत्र अंतर्गत पड़रिया खरीदी केंद्र से गेहूं लेकर परिवहन के लिए निकला एक ट्रक गोपाल जी वेयरहाउस के पास स्थित धर्म कांटे के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार खरीदी केंद्र पड़रिया से गेहूं लोड कर ट्रक धर्म कांटे पर तौल कराने पहुंचा था। जैसे ही ट्रक धर्म कांटे के बाजू से गुजरा, अचानक असंतुलित होकर पलट गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि धर्म कांटे के आसपास सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। बताया जा रहा है कि धर्म कांटे के दोनों ओर लगभग 5 फीट गहरे गड्ढे बने हुए हैं तथा वहां तक पहुंचने के लिए समुचित मार्ग भी नहीं बनाया गया है। इसी लापरवाही के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी धान से लदा एक ट्रक यहां पलट चुका है, जो सड़क किनारे खड़ी बाइक पर गिर गया था। उस हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि धर्म कांटे के आसपास सुरक्षित मार्ग, बैरिकेडिंग और समुचित व्यवस्था कराई जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।



## पन्ना में थाना प्रभारी समेत 4 पर जबरन वसूली का मामला दर्ज, बीएनएस 308 (6) में एफआईआर

**पन्ना।** जिले से सामने आया मडला थाना का यह मामला सिर्फ जबरन वसूली का आरोप नहीं, बल्कि वर्दी के भरोसे पर लगा ऐसा दाग है जिसने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। जिन कंधों पर कानून की रक्षा और जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी, उन्हीं पर अब भय दिखाकर वसूली करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

रीवा निवासी एक आम नागरिक से कथित रूप से गांजा मामले में फंसाने की धमकी देकर 95 हजार रुपए लेने का आरोप पुलिस व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। हालांकि, इस पूरे मामले में पन्ना पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू की निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई ने यह साफ कर दिया कि कानून के सामने वर्दी का रुतबा नहीं, बल्कि सच और न्याय सबसे ऊपर है।

### धमकी, वसूली और वर्दी पर सवाल-

रीवा निवासी शंकर लाल सोनी ने शिकायत में आरोप लगाया कि बागेश्वर धाम से लौटते समय मडला क्षेत्र में कुछ लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए उनकी गाड़ी में गांजा होने की बात कही और थाने ले जाने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार डर और दबाव के बीच उनसे 95 हजार रुपए ले लिए गए। मामले की जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर थाना प्रभारी सहित चार लोगों पर ठछै की गंभीर धारा 308(6) के तहत मामला दर्ज किया गया, जिसने पूरे प्रदेश में पुलिस व्यवस्था को लेकर बहस छेड़ दी है।

### एसपी की सख्ती से बढ़ा जनता का भरोसा-

मामले की गंभीरता को देखते हुए पन्ना पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने तत्काल जांच करवाई और दोषी पाए गए पुलिसकर्मियों को पहले निलंबित किया गया, फिर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। इस सख्त कदम ने यह संदेश दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं, चाहे वह वर्दी में ही क्यों न हो। पन्ना पुलिस की इस निष्पक्ष कार्रवाई की प्रदेशभर में चर्चा हो रही है और लोग इसे पुलिस विभाग में जवाबदेही की बड़ी मिसाल मान रहे

## श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन धूमधाम से जन्मोत्सव संपन्न वामन, राम और कृष्ण अवतार की कथा पर झूमे श्रद्धालु



**पन्ना।** ऐतिहासिक नगर पन्ना के प्रतिष्ठित श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा में भगवान के विभिन्न अवतारों की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।कथा की मुख्य यजमान श्रीमती द्रौपदी उपाध्याय (पत्नी स्वर्गीय श्री बृजेश उपाध्याय) एवं पूज्य माता जी (माता जी स्वर्गीय श्री बृजेश उपाध्याय) हैं, जिन्होंने व्यासपीठ का विधिवत पूजन-अर्चन कर चतुर्थ दिन की कथा का शुभारंभ कराया। नागौद से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास परम पूज्य श्री बद्री विशाल समदारिया जी ने चौथे दिन की कथा में भगवान के दिव्य अवतारों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने राजा बलि के अहंकार को दूर करने वाले भगवान वामन अवतार की कथा सुनाई। इसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्श जीवन और उनके अवतार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

### नंदघर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...

कथा के उत्तरार्ध में जैसे ही कथा व्यास ने कंस के अत्याचारों की मुक्ति और धर्म की स्थापना के लिए भगवान श्री कृष्ण के भव्य जन्म का प्रसंग सुनाया, पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। भगवान कृष्ण के बाल रूप के प्राकट्य के साथ ही कथा स्थल पर दिव्य झांकी सजाई गई।

### बधाई गीतों पर थिरके श्रद्धालु-

श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य आरती की गई और विशेष बधाई गीत गाए गए। नंदोत्सव के आनंद में सराबोर होकर मुख्य यजमान परिवार सहित उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान खिलौने, माखन-मिश्री और मिठाइयों का प्रसाद वितरित किया गया। कथा में बड़ी संख्या में स्थानीय एवं दूर-दराज से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



**पवई।** पवई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि अम्बेडकर पार्क में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक एवं संचार क्रांति की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने युवाओं को राजनीति से जोड़ने और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए कार्य करने की बात कही। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र नामदेव, अजय श्रीवास्तव, धीरेंद्र लटोरिया ,हेतराम शर्मा ,अजय सिंह बुंदेला, जीवन लाल सिद्धार्थ, सत्येंद्र जैन, ऋषभ पटेल ,महेश बड़ोलिया, गोपाल विश्वकर्मा, भूपत शाह बुंदेला, पप्पू खान, इब्राहिम खान, प्रकाश रम्मू चौधरी शाहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## चारों धाम की यात्रा पर निकले सेवानिवृत्त शिक्षक दंपति, ग्रामीणों ने दी शुभकामनाएं



**पवई।** जनपद क्षेत्र के ग्राम मेन्हा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं उनकी धर्मपत्नी सावित्री त्रिपाठी मंगलवार को पवित्र चारों धाम यात्रा के लिए रवाना हुए। यात्रा पर प्रस्थान के दौरान परिजनों, रिश्तेदारों तथा ग्रामवासियों ने उनका तिलक लगाकर एवं शुभकामनाएं देकर मंगलमय यात्रा की कामना की। जानकारी के अनुसार त्रिपाठी दंपति उत्तराखंड स्थित यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम के दर्शन करेंगे। चारों धाम यात्रा को सनातन धर्म में विशेष महत्व प्राप्त है और इसे जीवन की महत्वपूर्ण आध्यात्मिक यात्राओं में माना जाता है। श्रद्धालु मानते हैं कि चारों धाम के दर्शन से आध्यात्मिक शांति एवं पुण्य की प्राप्ति होती है। ग्रामीणों ने कहा कि महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने शिक्षक के रूप में लंबे समय तक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। उनके चारों धाम यात्रा पर जाने से पूरे गांव में प्रसन्नता का माहौल है। सभी ने उनकी सुरक्षित एवं सफल यात्रा की कामना करते हुए भगवान से उत्तम स्वास्थ्य और सुखद यात्रा का आशीर्वाद मांगा।

## साप्ताहिक बाजार बना जाम का कारण, घंटों प्रभावित रहा यातायात

**पवई।** नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के चलते मुख्य सड़क पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। बाजार में अव्यवस्थित तरीके से दुकानों के लगने एवं सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन बाजार के लिए निर्धारित भूमि को अब तक खाली नहीं करवा पाया है, जिसके चलते व्यापारी सड़क पर ही दुकानें लगाने को मजबूर हैं। इससे हर सप्ताह यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है और राहगीरों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार के लिए निर्धारित स्थान को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा बाजार को व्यवस्थित तरीके से संचालित कराया जाए, ताकि सड़क पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सके। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## विधायक डॉ. राजेश वर्मा की पहल, बस स्टैंड-तहसील-कार्यालय पर लगे फ्री वाटर कूलर

**गुन्नौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए नया बस स्टैंड, तहसील परिसर व विधायक कार्यालय के सामने निःशुल्क शीतल पेयजल फ्रीजर लगवाए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनता की प्यास बुझाने का पुनीत कार्य किया। क्षेत्रीय लोगों ने विधायक की जनसेवा की सराहना की।**

**प्रेम नारायण शर्मा अमान गज पन्नाः** पन्ना में अवैध बोरिंग माफिया बेलगाम, कलेक्टर के आदेश और निर्देश कचरे के ढेर में दफन, धड़ल्ले से जिला प्रशासन की नाक के नीचे दिन रात चल रहा अवैध उत्खन , प्रशासन मौन, बोरिंग माफिया बने उत्खन के डॉन।

पन्ना जिला कलेक्टर महोदय के आदेशों निर्देशों को दरकिनार कर बोरिंग उत्खनन का खेल खुलेआम जारी है। प्रशासन हर साल गर्मियों में आदेश जारी करता है, बिना अनुमति बोरिंग पर रोक लगाने की बातें करता है, मशीन जब्ती और FIR की चेतावनी देता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि दिन हो चाहे रात गांवों और कस्बों में अवैध बोरिंग मशीनों की आवाजें तेजी से सुनाई देने लगती हैं, जिसकी आवाज न तो खुद पन्ना कलेक्टर महोदया को सुनाई देती है न जिला प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों को।सवाल यह है कि आखिर प्रशासन की सख्ती सिर्फ प्रेस नोट और फाइलों तक ही सीमित है, कार्यप्रणाली में नहीं ?स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में कई स्थानों पर बिना अनुमति धड़ल्ले से ट्यूबवेल खुदाई की जा रही है जिसके कारण भूजल संरक्षण कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग या तो आंखें मूंदे बैठे हैं या फिर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद मशीनें लगातार चलती रहती हैं, और जब तक अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं तब तक सब कुछ "सेट" हो चुका होता है, या पहले से ही सेट होता है।

## ब्लॉक कांग्रेस अमानगंज ने मनाई भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि

**अमानगंज। प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के दिशानिर्देशन पर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के तत्वाधान में दिनांक 21/5/26 को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि कांग्रेस परिवार द्वारा शाहिद दिवस के रूप मनाई गई!**

सर्वप्रथम स्व. राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया! कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष श्री भभूत सिंह राजपूत द्वारा बताया गया की श्री राजीव गांधी एक युवा देश के युवा प्रधानमंत्री थे जिनकी सोच भारत को आधुनिक बनाना था श्री राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता,संचार क्रांति के जनक देश के 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार प्रदान करने वाले थें। उनकी पुण्यतिथि पर शत शत नमन! सेवादल के जिला उपाध्यक्ष श्री परसोत्तम पीड़हि जी द्वारा बताया गया की युवाओं की राजनीति में भागीदारी अधिक से अधिक रहें ऐसी सोच श्री राजीव गांधी की थी जिसके लिए उन्होंने कई प्रयास किए देश को मजबूत बनाने का कार्य किया आज उनको हम नमन करते हैं!

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे ने श्री राजीव गांधी जी को नमन करते हुए सभी का आभार प्रकट किया..। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व नपा उपाध्यक्ष सौरभ दुबे, पूर्व अध्यक्ष भभूत सिंह राजपूत, रामेश्वर गर्ग, पुरसोत्तम पीड़हि, दिनेश पांडे, कन्हैया लाल ताम्रकार, सुभम सिंह परमार रजऊ राजा, विजय सिंह राजपूत,पियूष देव परमार, वीरेंद्र खटीक, जेबुननिशा खान, बल्लू खान, प्रहलाद तिवारी,अभिषेक दुबे निक्की, पुष्पेंद्र सोनी,सजल ताम्रकार, नीलेश ताम्रकार, सोनू खान, अनिल विश्वकर्मा, धूराम चौधरी, महाकौशल चौधरी,अरुण, सुभाष विश्वकर्मा, नोने लाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही!!

**खबर संक्षेप**

## ग्रामीणों ने की शिक्षक की शिकायत, आये दिन शराब के नशे में रहते धुत



लवकुशनगर। जनपद शिक्षा केन्द्र लवकुशनगर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक कन्या शाला अटकौहां में पदस्थ शिक्षक कालीचरण अहिरवार जो प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं वह आये दिन नशा करके विद्यालय परिसर में पहुंचते हैं। आये दिन शराब पीना उनकी आदत बन गई है। इस तरह की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई है। अभी बीते रोज 16 मई को दोपहर 11 बजे से सायं 5 बजे तक शराब के नशे में गांव के रास्ते में पड़े रहे। जिसे बहुत से लोगों ने देखा और शिकायत भी की गई। कन्या जैसे विद्यालय में इस तरह के शिक्षक की पदस्थापना से शिक्षक जगत भी कलंकित हो रहा है। कालीचरण अहिरवार अटकौंहा में 9 वर्ष से पदस्थ हैं। उनकी इस आदत के कारण गांव की शिक्षा का स्तर बहुत ही गिर चुका है। शिक्षक के शराब के नशे में पहुंचने से छात्राओं को भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने इसके अलावा और भी आरोप शिक्षक कालीचरण पर लगाये हैं। उनके द्वारा स्कूल गुम्मे बेंच दिये गये। स्कूल के गाटर कबाड़ में बेंच दिये गये। स्कूल की किताबों को भी बेंच दिया गया स्कूल का राशन भी बेंचने के चक्कर में रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित कार्यवाही की मांग की है। सोशल मीडिया में इनका एक वीडिया जमकर वायरल हो रहा है। वह शराब के नशे में गांव की सड़क पर पड़े हैं जबकि इनकी डियूटी जनगणना जैसे कार्य में लगी हुई है। अब देखना यह है कि प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी कितनी जल्दी कार्यवाही करते हैं।

## 17 वर्षीय नाबालिग के अपहरण की आशंका, परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार

छतरपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलारी से 17 वर्षीय नाबालिग बच्ची के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए बच्ची की जल्द बरामदगी की मांग की है।परिजनों के अनुसार 16 मई को शाहिद नामक युवक मोटरसाइकिल से गांव आया और नाबालिग को जबरन अपने साथ ले गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यह पूरा घटनाक्रम बांदा निवासी इकराम अली के कहने पर किया गया। बताया गया कि नाबालिग बच्ची दिल्ली से अपने गांव फुलारी आई हुई थी और घटना के बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है।परिवार का आरोप है कि महाराजपुर पुलिस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। परिजनों ने आरोप लगाया कि बच्ची की तलाश के नाम पर उनसे पैसों की मांग भी की गई। उनका कहना है कि गुमशुदगी दर्ज होने के बावजूद अब तक पुलिस बच्ची का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। परिजनों ने आशंका जताई है कि नाबालिग के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने एसपी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर बच्ची की सुरक्षित बरामदगी एवं आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# चौबारा गांव में रातभर गुल रही बिजली उमस भरी गर्मी से बेहाल रहे ग्रामीण

**नौगांव। नगर से लगे ग्राम चौबारा में बुधवार शाम करीब 6 बजे से एक मोहल्ले की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे भीषण गर्मी और उमस के बीच ग्रामीणों को पूरी रात परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली गुल होने से छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं रातभर गर्मी से बेहाल रहे, वहीं कई लोगों को घरों के बाहर रात बितानी पड़ी।**



ग्रामीणों के अनुसार बिजली बंद होने के बाद लगातार ग्रामीण विद्युत सप्लाई केंद्र नौगांव के अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन लगाए गए, लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया और ना ही कोई कर्मचारी मौके पर पहुंचा। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। स्थिति से परेशान होकर रात लगभग 11 बजे दो दर्जन से अधिक ग्रामीण अपनी शिकायत लेकर ग्रामीण विद्युत वितरण केंद्र नौगांव पहुंचे, लेकिन वहां कार्यालय पर ताला लटका मिला। इसे देखकर ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं का समाधान करने के बजाय फोन स्विच ऑफ कर लेते हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों क्षेत्र में तापमान 44 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। ऐसे में बिजली बंद रहने से हालात और गंभीर हो गए। उमस भरी गर्मी के कारण बच्चे पूरी रात रोते रहे और बुजुर्गों को जागकर रात काटनी पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और जनसुनवाई की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकारी शिकायतें सुनने तक को तैयार नहीं हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए तथा गांव की बिजली व्यवस्था जल्द सुचारु रूप से बहाल की जाए।

# पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट घरेलू विवाद में डंडे से किया हमला



### इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई मौत, आरोपी पत्नी गिरफ्तार कर भेजी गई जेल

छतरपुर। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते पत्नी द्वारा पति की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार महोबा रोड स्थित मिशन अस्पताल के पास रहने वाले दीपक रैकवार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम कर मामला सिटी कोतवाली थाना स्थानांतरित किया, जहां भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस जांच, मेडिकल रिपोर्ट, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्य और परिजनों के बयानों के आधार पर सामने आया कि दीपक रैकवार की पत्नी कमला रैकवार ने घरेलू विवाद के दौरान डंडे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। चोट लगने के बाद दीपक की हालत लगातार बिगड़ती गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया। विधिवत कार्रवाई के बाद आरोपी कमला रैकवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पूरी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के निर्देशन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, उप निरीक्षक उमा परिहार, उप निरीक्षक वीरेंद्र रैकवार, सहायक उप निरीक्षक गिरिजेश राजा, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह सेंगर, महिला आरक्षक रोहिणी तिवारी, आरक्षक नरेश सिंह, संदीप सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 43 बसों की हुई जांच, 19 पर कार्यवाही कर वसूला जुर्माना



छतरपुर। परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) छतरपुर एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आज विशेष बस चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों द्वारा छतरपुर के सागर रोड पर वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान कुल 43 बसों को रोककर उनके दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, बीमा, टैक्स, ड्राइविंग लाइसेंस , अग्निशमन यंत्र , इमरजेंसी गेट पर सीट न होने पर कार्यवाही एवं अन्य आवश्यक कागजातों की बारीकी से जांच की गई। साथ ही बसों में ओवरलोडिंग, सुरक्षा मानकों एवं यात्रियों की सुविधा से जुड़े पहलुओं का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 19 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इन वाहनों से कुल 19,000 रुपये का राजस्व वसूल किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों एवं संचालकों को नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें, निर्धारित मानकों का पालन करें तथा यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। संयुक्त कार्रवाई में आरटीओ श्रीमती मधु सिंह एवं पुलिस विभाग से ट्रैफिक प्रभारी वृहस्पति साकेत व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# मांगें पूरी न होने पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

### 25 मई से चरणबद्ध आंदोलन और 8 जून को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास के घेराव का ऐलान



छतरपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के हितों की लगातार हो रही अनदेखी के विरोध में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश (जिला इकाई छतरपुर) ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला छतरपुर को एक आधिकारिक सूचना पत्र सौंपकर अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में करीब 32 हजार संविदा कर्मी पूरी निष्ठा से जुटे हैं, लेकिन सरकार उनके भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है। करीब एक वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनी थी, परंतु आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से पूरे प्रदेश के संविदा कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 20 दिनों के भीतर उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया, तो जिले के समस्त कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने अपनी नियमितीकरण सहित कई प्रमुख मांगों को लेकर शासन के सामने अपना पक्ष रखा है। कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि मुख्यमंत्री द्वारा 30 जनवरी 2026 को दशहरा मैदान टी.टी. नगर भोपाल में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में की गई घोषणा के अनुसार सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को अविलंब नियमितीकरण का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग की वर्ष 2023 की नीति के तहत एनपीएस एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान करने, अन्य राज्यों की तर्ज पर 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि लागू करने तथा नियमित कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता देने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। संविदा कर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वेतन में पीबीआई के समायोजन, पूर्व की भांति इंडिकेटर लागू करने, शासन द्वारा की गई गलत वेतन विसंगति के निर्धारण में संशोधन करने और नियमित कर्मचारियों की तरह ही अवकाश की पात्रता देने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों का कहना है कि जब तक शासन की मंशानुरूप समान कार्य-समान वेतन और समान सुविधाएं नहीं मिल जातीं, तब तक सार्थक ऐप के माध्यम से हाजिरी लेने की व्यवस्था को पूरी तरह बंद किया जाए।

अपनी इन मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आंदोलन की रूपरेखा पूरी तरह तय कर ली है, जिसकी शुरुआत 25 मई से होने जा रही है। तय कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 25 मई से 27 मई 2026 तक जिले के सभी संविदा कर्मचारी अपनी ड्यूटी के दौरान हाथों पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद 28 और 29 मई को आंदोलन के दूसरे चरण में जिले के कलेक्टर, सीएमएचओ और बीएमओ को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। आंदोलन को व्यापक रूप देने के लिए 30 मई से 1 जून 2026 तक कर्मचारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सांसदों, विधायकों और मंत्रियों से मुलाकात कर उन्हें अपनी पीड़ा से अवगत कराएंगे और ज्ञापन सौंपेंगे। यदि इसके बाद भी शासन स्तर पर कोई सुनवाई नहीं होती है, तो 2 जून से जिले के समस्त संविदा कर्मचारी विभाग द्वारा दिए गए सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यों का पूर्णतः बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस आंदोलन के अंतिम और सबसे बड़े चरण में 8 जून 2026 को प्रदेश भर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। संघ ने स्पष्ट किया है कि समय रहते मांगों का निराकरण न होने पर जनसामान्य को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में जो भी असुविधा होगी, उसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



## जंगल में पेड़ से लटका मिला नवविवाहिता का शव, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

छतरपुर। जिले के चंदला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बलकोरा के चरही पुरवा में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। गुरुवार सुबह राम अवतार अहिरवार की पत्नी सुनिया अहिरवार का शव घर से करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतिका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि सुनिया को शादी के बाद से ही प्रताड़ित किया जाता था तथा दहेज को लेकर लगातार ताने दिए जाते थे। मृतिका के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या कर शव को पेड़ से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। घटना में सबसे चौंकाने वाली बात मृतिका की दो-तीन साल की बेटी का बयान सामने आना है। परिजनों के अनुसार बच्ची ने बताया कि ₹पापा ने मम्मी को मारा था और थप्पड़ भी मारे थे।₹ बच्ची के इस बयान के बाद मामला और अधिक गंभीर हो गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट से अल्फाज बेकरी में भीषण आग, लाखों का नुकसान

### आग बुझाने में युवक झुलसा, संचालिका ने शासन से लगाई मदद की गुहार



छतरपुर। जिले के चंदला कस्बे में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां वार्ड क्रमांक 4 स्थित अल्फाज बेकरी में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी दुकान और घर का सामान जलकर राख हो गया। बताया गया है कि बेकरी संचालिका आसना खातून ने आग की लपटें देखकर दुकान के अंदर जाने का प्रयास किया, लेकिन तेज धुएं और बढ़ती आग के कारण वह अंदर नहीं जा सकीं। आग बुझाने के दौरान वार्ड निवासी अन्नू सौदागर गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।इस हादसे में आसना खातून को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उनके अनुसार दुकान में रखा लगभग 10 लाख रुपये का माल जलकर नष्ट हो गया, जबकि गल्ले में एजेंट को देने के लिए रखे 50 हजार रुपये नकद भी आग की भेंट चढ़ गए। इसके अलावा दुकान में रखे आठ फ्रिज, घर में लगे एसी, पंखे सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

## न्यायालय परिसर में निर्धारित मूल्य से अधिक पर स्टांप बेचने का आरोप, जिला अधिवक्ता संघ को सौंपा आवेदन



**छतरपुर। जिला न्यायालय परिसर में स्टांप विक्रेताओं द्वारा शासकीय स्टांप को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमतों पर बेचे जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और सचिव को एक लिखित आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।**

अधिवक्ता निशांत सिंह भदौरिया के नेतृत्व में दर्जनों वकीलों द्वारा हस्ताक्षरित इस आवेदन में बताया गया है कि न्यायालय परिसर में सक्रिय कुछ स्टांप विक्रेता आम नागरिकों और अधिवक्ताओं से तय कीमत से अतिरिक्त राशि वसूल रहे हैं। इसके कारण अदालत में आने वाले पक्षकारों को न केवल आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है, बल्कि वे मानसिक रूप से भी परेशान हो रहे हैं।आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि शासकीय स्टांप का मूल्य शासन द्वारा पहले से ही निर्धारित होता है। इसके बावजूद खुलेआम अधिक मूल्य वसूलना पूरी तरह से अनुचित और नियमों के खिलाफ है। वकीलों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से न्यायालय परिसर की गरिमा, साख और पारदर्शिता पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से विनम्र अनुरोध किया है कि वे इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लें। संघ के माध्यम से संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों और विभाग को इस धांधली से अवगत कराया जाए ताकि आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। वकीलों ने मांग की है कि न्यायालय परिसर में शासकीय स्टांप को उनके निर्धारित सरकारी मूल्य पर ही उपलब्ध कराया जाए, जिससे आम जनता को इस अनावश्यक शोषण से राहत मिल सके।

# भीषण गर्मी की चपेट में छतरपुर, नौगांव-खजुराहो बने प्रदेश के सबसे गर्म शहर




छतरपुर। प्रकृति के साथ लगातार हो रही छेड़छाड़ का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। मध्यप्रदेश का छतरपुर जिला इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है, जहां नौगांव एवं खजुराहो लगातार चौथे दिन प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में शामिल रहे। दोनों शहरों में अधिकतम तापमान करीब 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।नौगांव और खजुराहो मानो तापमान की प्रतिस्पर्धा में एक-दूसरे को टक्कर देते हुए पूरे प्रदेश में गर्मी का नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हालात इतने खराब हो जाते हैं कि सड़कें सुनसान नजर आने लगती हैं।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने छतरपुर जिले के लिए 23 मई तक रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को ऐसा महसूस हो रहा है मानो शरीर आग की लपटों में झुलस रहा हो।गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों पर भी दिखाई दे रहा है। जल स्रोत सूखने लगे हैं और लोग दिनभर गर्मी से राहत पाने के उपाय तलाशते नजर आ रहे हैं। लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों की दिनचर्या और स्वास्थ्य दोनों पर गंभीर असर डालना शुरू कर दिया है।कृषि मौसम वैज्ञानिक हेमन्त कुमार सिन्हा ने बढ़ते तापमान के पीछे पर्यावरण असंतुलन को बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, जल स्रोतों का समाप्त होना और बढ़ता प्रदूषण अब प्रकृति की चेतावनी बनकर सामने आ रहा है। यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में गर्मी और अधिक भयावह रूप ले सकती है।उन्होंने लोगों से अपील की है कि अत्यधिक जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें तथा दोपहर के समय सीधे सूर्य के संपर्क से बचें।

संभल कर रहें 45 डिग्री से पार सेल्सियस के पार पहुंचा पारा

# दिन में झुलसा रहे लू के थपेड़े, रात भी होने लगी गर्म, अगले दो-तीन दिन आग उगलेगा सूरज

रीवा। प्रदेश सहित पूरे देश में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। नौतपा की शुरुआत से पहले ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं और कई जिलों में तापमान नए रिकॉर्ड बना रहा है। मध्यप्रदेश के अनेक हिस्सों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। विंध्य क्षेत्र भी इस भीषण गर्मी की चपेट में आ गया है, जहां लोगों को दिनभर तपिश और लू का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन-चार दिनों से गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है, सुबह सूर्योदय होने के बाद से ही सूर्यनारायण आग बरसाना शुरू कर देते क्षण वाले हैं, वहीं दिन के साथ ही अब रात में लोगों को गर्मी से राहत नहीं। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री से बढ़कर 27.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। तड़के 4-5 बजे कुछ देर के लिए वातावरण में शीतलता छाती है, सूर्य उदय के पश्चात फिर पसीना बहने लगता है। दोपहर में तो लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल है। लोग धूप में निकलने से बचने का प्रयास कर रहे हैं। दोपहर में आसमान से आग बरस रही है। शहर की व्यस्ततम सड़कों पर इक्का-दुक्का वाहन ही दिखाई पड़ रहे हैं। इस गर्मी के सामने पंखे-कूलर बेअसर साबित हो रहे हैं, लोग घरों में ही बंद रहना पसंद कर रहे हैं। गर्मी के कारण कई लोग घमोरियों के साथ ही स्किन एलर्जी का शिकार भी हो रहे हैं। शहरवासियों को आगामी समय में और भी गर्मी बढने की आशंका है। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छंछ और कच्चे आम का पना के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, लू गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें। शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए हर आधे घंटे बाद कम से कम आधा गिलास पानी अवश्य पिएं।सुबह 10 बजे से ही निकलना मुश्किलजिले पिछले एक सप्ताह से तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। छुटपुट वर्षा तथा बादलों के बावजूद पिछले तीन दिनों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जिले के अधिकतम और न्यूनतम औसत सामान्य तापमान से लगभग 5 डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान बना हुआ है। सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती है। जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ जाती है। रात 8 बजे तक गर्म हवाओं का





असर रहता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले।मोबाइल पर पहुंचा हीटवेव अलर्ट, लोगों को दोपहर में घरों से बाहर न निकलने की सलाहरीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र में बढ़ती गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने गंभीर चेतावनी जारी की है। विभाग द्वारा रीवा, सीधी और सतना जिले में भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है और आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की संभावना भी बेहद कम दिखाई दे रही है। गर्मी की गंभीर स्थिति को देखते हुए लोगों के मोबाइल फोन पर भी हीटवेव अलर्ट भेजा गया है। मोबाइल पर भेजे गए इस संदेश में नागरिकों को तेज धूप और लू से बचाव



के लिए जरूरी सावधानियां अपनाने की सलाह दी गई है। अलर्ट में विशेष रूप से कहा गया है कि लोग दोपहर के समय बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलें और धूप में अधिक देर तक रहने से बचें। लगातार बढ़ते तापमान के कारण बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर दोपहर के समय लोगों की आवाजाही भी कम होती दिखाई दे रही है। सुबह और शाम के समय जहां कुछ हलचल दिखाई देती है, वहीं दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा है। भीषण गर्मी के कारण सबसे अधिक परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, राहगीरों, बुजुर्गों और बच्चों को उठानी पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग ने भी इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। चिकित्सकों के अनुसार अत्यधिक गर्मी और लू की चपेट में आने से डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी सलाह में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाने और शरीर में पानी की कमी नहीं होने देने की सलाह दी गई है।मौसम विभाग का कहना है कि आगामी कुछ दिनों तक गर्मी के तेवर और अधिक तीखे हो सकते हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है। फिलहाल मोबाइल पर जारी किए गए हीटवेव अलर्ट ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।



# सूने घर में लाखों की चोरीः जेवरात, एलईडी टीवी और गैस सिलेंडर ले गए

### सुबह पड़ोसियों ने दी घटना की सूचना

रीवा। जिले के मनगवां थाना क्षेत्र में चोरी की एक वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, चूल्हा समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत खामाहरी वार्ड क्रमांक-14 निवासी सीमा मिश्रा (34) पति कमलेश मिश्रा अपने परिवार के साथ किसी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने नईगढ़ी गई हुई थीं। इसी दौरान घर सूना होने का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे दिया। बताया गया कि चोरों ने घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और व्यवस्थित तरीके से घर में रखे कीमती सामानों की तलाश की। बदमाश घर में रखे सोने-चांदी के आभूषणों के अलावा एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर और चूल्हा सहित अन्य उपयोगी सामान भी अपने साथ ले गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। घटना की जानकारी परिवार को उस समय मिली जब सुबह करीब 4 बजे पड़ोसियों ने फोन के माध्यम से घर का ताला टूटा होने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य चिंतित होकर वापस पहुंचे, जहां घर का सामान बिखरा हुआ मिला और चोरी की घटना सामने आई।मामले की जानकारी तत्काल मनगवां पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, साथ ही संभावित सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

# जिले पुलिस की सख्ती बढ़ीः रात में सड़कों पर उतरे अधिकारी, औचक चेकिंग अभियान शुरू



रीवा। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक गुरुकरन सिंह के निर्देश पर जिलेभर में रात्रिकालीन औचक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को रात के समय लगातार क्षेत्र भ्रमण करने और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निर्देशों के बाद बीती देर रात्रि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी रात के समय सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिए,इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं असामाजिक तत्वों की सघन जांच भी की गई,वही शहर के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष चेकिंग प्वाइंट बनाकर अभियान चलाया गया, पुलिस द्वारा वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। अभियान के दौरान देर रात घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान और गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई ताकि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर चल रही चेकिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता और गंभीरता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी गई।

फर्जी डिग्री वाले परजीवी नहीं फ्रॉड हैं, उन पर कार्रवाई होना चाहिए

# करोड़ों युवा बेरोजगारों को अपमानित करने वाली शब्दावली से बड़े लोग बाज़ आएं : अजय खरे

रीवा ।

समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि देश में हर साल 2 करोड लोगों को रोजगार देने की घोषणा भी प्रत्येक नागरिक के खाते में 15 लाख रुपए डाले जाने वाली बात की तरह चुनावी जुमला साबित हुई है। वर्तमान दौर में करोड़ों की संख्या में लोग रोजगार की तलाश पर सड़कों पर इधर-उधर भटक रहे हैं ऐसे मौके पर उनके साथ सहानुभूति रखने के बजाय उनकी स्थिति पर कटाक्ष किया जाना बहुत ओछी सोच है। कभी पढ़े लिखे लोगों को बेरोजगारी दूर करने के लिए पकौड़े की दुकान खोलने की बात कही जाती है तो कभी मीडिया , सोशल मीडिया, वकालत और आरटीआई क्षेत्र में काम कर रहे लोगों की आवाज को दबाने के लिए उन्हें कॉकरोच कहकर अपमानित किया जाता है। श्री खरे ने कहा कि यदि फर्जी की डिग्री के लोग कहीं भी हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन इन क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों के बारे में बेवजह ऊल-जलूल टिप्पणी से बाज़ आना चाहिए। आज बहुत सारे नौजवानों को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार नहीं मिलने की वजह से उन्हें मजबूरी में दूसरा व्यवसाय चुनना पड़ा है। कोई जरूरी नहीं है कि हर व्यक्ति सरकार के कामकाज और उसके तौर तरीके से सहमत हो। ऐसी स्थिति में उनका उपहास उड़ाया जाना कदापि उचित नहीं है। श्री खरे ने कहा कि राजनैतिक क्षेत्र में भाषा की मर्यादा काफी तेजी से गिरी है। इधर देखने को मिल रहा है कि न्यायपालिका और प्रशासनिक क्षेत्र में भी बहुत ही घटिया भाषा का इस्तेमाल होने लगा है। काकरोच वाले बयान को लेकर जो भी सफाई दी जाए लेकिन यह शब्दावली बहुत आपत्तिजनक है। यह नई पीढ़ी को हतोत्साहित करने वाला बहुत ही ओछे किस्म की मनोवृत्ति का परिचायक है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। इधर सफाई में कहा जा रहा है कि मैं युवाओं पर गर्व करता हूं और बताया जा रहा है कि फर्जी डिग्री वालों को परजीवी कहा था। सवाल यह है कि अभी तक कितने फर्जी डिग्री वालों पर कार्रवाई की गई है। पहले ऐसा साफ-साफ क्यों नहीं कहा ? आखिरकार किस दबाव के चलते फर्जी डिग्री वालों को पकड़ा नहीं जा रहा ? फर्जी डिग्री वालों के मामले को सार्वजनिक करने में कोताही क्यों बरती जा रही है? जबकि फर्जी डिग्री का मामला अपने आप में गंभीर अपराध है। फर्जी डिग्री से नौकरी पाने वाले व्यक्ति को केवल नौकरी से नहीं निकाला जाता बल्कि उसे जेल भी जाना पड़ता है। हालांकि राजनीतिक पदों में डिग्री योग्यता नहीं है। लेकिन फर्जी डिग्री होने पर ऐसे पदों पर बैठे लोगों को भी जेल में होना चाहिए। ऐसी स्थिति में पद से इस्तीफा देना होगा। फर्जी डिग्री वालों को परजीवी नहीं बल्कि फ्रॉड कहा जाना चाहिए। सरकार की गलत नीतियों के चलते देश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। उस समस्या का निराकरण करने की जगह बेरोजगारों को कॉकरोच कहकर उन्हें कीड़े मकोड़े की तरह समझना बहुत ग़लत है। करोड़ों बेरोजगारों को अपमानित करने वाली शब्दावली से बड़े लोगों को बाज़ आना चाहिए।

# गेहूं चोरी विवाद ने लिया हिंसक रूपः महिला और उसकी पुत्री पर टांगी से जानलेवा हमला

## दोनों गंभीर घायल, सेमरिया थाना क्षेत्र के मुहरवा गांव की घटना

रीवा। जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुहरवा गांव में पुरानी रंजिश और गेहूं चोरी के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि करीब 20 दिन पहले गेहूं चोरी के मामले में शिकायत दर्ज होने से नाराज आरोपी ने महिला और उसकी पुत्री पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में मां और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें डायल-112 की मदद से उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल रीवा में भर्ती कराया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता पूनम पाठक ने बताया कि बीते 1 मई को गांव के रहने वाले अशोक कुशवाहा द्वारा उसके घर से गेहूं चोरी किया गया था। मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी से एक बोरी गेहूं बरामद कराकर वापस दिलवाया था। बताया जा रहा है कि उस समय आरोपी ने पुलिस के समक्ष गेहूं वापस तो कर दिया, लेकिन पुलिस के लौटने के बाद वह लगातार शिकायत वापस लेने और जान से मारने की धमकी दे रहा था। पीड़िता के अनुसार, घटना वाले दिन आरोपी अशोक कुशवाहा अपनी



जमीन का सीमांकन करा रहा था। इसी दौरान उसने कथित रूप से पीड़ित परिवार की जमीन पर भी पत्थर गाड़ने का प्रयास किया। जब इस बात पर पूनम पाठक और उनके परिवार के लोगों ने आपत्ति जताई तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने अचानक टांगी निकालकर हमला कर दिया। हमले में पूनम पाठक और उनकी मां विद्यावती पाठक गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस तथा डायल-112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और डायल-112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा घायलों को तत्काल संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। अस्पताल में दोनों घायलों का उपचार जारी है। चिकित्सकों द्वारा उनकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और पूरे मामले की जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की तलाश भी की जा रही है।

## सीएम हेल्पलाइन में संभाग के सभी जिलों की रेटिंग, एसीएम हेल्पलाइन में रीवा और सिंगरौली ने टॉप टेन में बनाई जगह

रीवा । आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। मई माह की रैंकिंग में रीवा संभाग के सभी जिले 80 से अधिक वेटेज स्कोर के साथ ए रेटिंग में स्थान बनाने में सफल हुए हैं। सिंगरौली जिले ने 84.14 वेटेज स्कोर के साथ ग्रुप ए में छठवां तथा रीवा जिले ने 83.47 कुल वेटेज स्कोर के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया है। रीवा जिले ने पहली बार टॉप टेन में जगह बनाई है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि ग्रुप ए के जिलों में सतना जिले को 81.41 वेटेज स्कोर के साथ 22वां तथा सीधी जिले को 81.88 अंकों के साथ 19वां स्थान प्राप्त हुआ है। ग्रुप बी के जिलों में 81.38 वेटेज अंकों के साथ मऊगंज जिले को 15वां तथा 80.76 वेटेज अंकों के साथ मैहर जिले को 22वां स्थान मिला है। कमिश्नर ने कलेक्टर तथा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा है कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। इसमें 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी सतत मानीटरिंग करके नॉन अटेंडेंट प्रकरणों को शून्य करें। यदि आवेदन पत्र बिना किसी कार्यवाही के एल-1 श्रेणी से आगे की श्रेणी में जाता है तो उत्तरदायी अधिकारी पर कार्यवाही करें।

भीषण गर्मी और 45 तापमान के बीच ग्राउंड जीरो पर उतरे रीवा जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर

# रायपुर कर्चुलियान जनपद की तीन पंचायतों का किया सघन निरीक्षण, लापरवाही बरतने वालों को दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

रीवा। भीषण गर्मी और 40 डिग्री सेल्सियस के तपते तापमान के बीच मैदानी हकीकत जानने के लिए रीवा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर खुद मैदान पर उतरे।सीईओ गुर्जर ने अपने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम के साथ जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पतौता, भीटा और बदवार का सघन निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास जल संवर्धन और जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।ग्राम पंचायत पतौता *निर्माणाधीन अटल सुशासन सेवा सदन और जल गंगा कार्यों की समीक्षा*निरीक्षण की शुरुआत ग्राम पंचायत पतौता से हुई।यहाँ सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर ने निर्माणाधीन अटल सुशासन सेवा सदन के भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति को देखा।इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण मां की बगिया तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे कार्यों का भौतिक सत्यापन किया।सीईओ सर ने निर्माण कार्यों की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए तत्काल इन कार्यों को पूर्ण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को इनका जल्द से जल्द लाभ मिल सके।

### ग्राम पंचायत भीटा पेयजल संकट पर ग्रामीणों से संवाद गंदगी देख भड़के सीईओ

इसके पश्चात सीईओ का काफिला ग्राम पंचायत भीटा पहुंचा।भीटा में सीईओ गुर्जर ने सीधे ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं।भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने पेयजल की उपलब्धता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।उन्होंने गांव में स्थापित रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत भवन के ठीक सामने कचरे का अंबार देखकर सीईओ ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।उन्होंने सरपंच,सचिव और रोजगार सहायक को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और भविष्य में ऐसी लापरवाही न दुहराने के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायत बदवार खेत तालाब से किसान की बढ़ी आय मछली पालन की सफलता

दौरे के अंतिम चरण में सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर ग्राम पंचायत बदवार पहुंचे।यहाँ उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निर्मित खेत तालाब का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सीधे लाभार्थी किसान से चर्चा कर तालाब से होने वाले लाभों की जानकारी ली।लाभार्थी किसान ने उत्साहपूर्वक सीईओ सर को बताया कि शासन की इस योजना से उन्हें बेहद लाभ हुआ है।अब वे इस खेत तालाब में मछली पालन कर रहे हैं और पारंपरिक खेती की तुलना में मछली पालन से कई गुना अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। किसान की आत्मनिर्भरता और सफलता से अभिभूत होकर सीईओ गुर्जर ने उन्हें और अधिक उन्नत बनने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया।*लापरवाही बर्दाश्त नहीं, पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ*निरीक्षण के अंत में सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर ने उपस्थित अधिकारियों, सरपंच और सचिवों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कड़े लहजे में निर्देश दिए कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, विभिन्न पेंशन योजनाएं और ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूरा होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि शासन की समस्त योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे पात्र हितग्राही तक बिना किसी बाधा के पहुंचना चाहिए।इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल से संबंधित कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए।शासकीय कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी के विरुद्ध तत्काल निलंबन जैसी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप दुबे, सहायक यंत्री अनिल तिवारी, उपयंत्री संदीप त्रिपाठी,पंचायत समन्वयक अधिकारी शेषमणि कोल, स्थानीय ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान मे कलेक्टर ने किया श्रमदान,जल संरक्षण का दिया संदेश



मऊगंज। जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार हेतु प्रशासनिक सक्रियता तेज हो गई है। इसी क्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने ग्राम मुदरिया चौहान स्थित भुअरा तालाब पहुँचकर स्वयं श्रमदान किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ना है। श्रमदान के दौरान कलेक्टर ने तालाब की स्वच्छता का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से संवाद करते हुए जल स्रोतों की पवित्रता बनाए रखने की अपील की। प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि तालाब के पानी में साबुन, डिटर्जेंट और अन्य रासायनिक अपशिष्टों का उपयोग पूर्णत प्रतिबंधित रहे। तालाब के घाटों पर गंदगी न फैलाई जाए और स्वच्छता नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों के आसपास कचरा फेंकने वालों पर निगरानी रखी जाए।कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि ₹जल गंगा संवर्धन अभियान₹ केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने का एक सामूहिक संकल्प है। अभियान के माध्यम से तालाबों, कुओं और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों का गहरीकरण एवं सफाई कार्य निरंतर जारी है, ताकि आगामी मानूसन में जल संचयन की क्षमता को बढ़ाया जा सके।₹जल ही जीवन का आधार है। यदि हम आज अपने जल स्रोतों को प्रदूषित होने से नहीं बचाएंगे, तो भविष्य की पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट खड़ा होगा। प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जल स्रोतों के संरक्षण में श्रमदान करना चाहिए।₹कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने भी श्रमदान कर स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश दिया। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मऊगंज। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत एवं विधिवत जानकारी प्रदान की गई। सेक्टर जोधपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया, वहीं 21 मई 2026 को सेक्टर रामपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों से प्री-टेस्ट फॉर्म एवं पोस्ट-टेस्ट फॉर्म भरवाए गए, जिससे उनकी जानकारी एवं समझ का मूल्यांकन



किया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपनी जिज्ञासाएं रखीं और अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों से फीडबैक फॉर्म भी भरवाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने बाल विवाह रोकने, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं समाज में जागरूकता फैलाने को लेकर अपने विचार साझा किए। फीडबैक में प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता जताई।इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सेक्टर पर्यवेक्षक सुमन शर्मा, अहिंसा टीम जिला मऊगंज के समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी एवं आशीष कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की गूगल सीट में की जा रही है फीडिंग आवेदक निराकरण के संबंध में ले सकते हैं जानकारी

रीवा । जिला स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को गूगल सीट में फीड किया जा रहा है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की गूगल सीट में फीडिंग की जाकर समीक्षा की जाती है। कलेक्टर विभागीय अधिकारियों से आवेदन पत्रों में की गई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा भी करते हैं। जनसुनवाई के आवेदनों की वस्तु स्थिति के संबंध में आवेदक लोक सेवा प्रबंधन के कंट्रोल रूम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें आवेदन में हुए निराकरण व की गई कार्यवाही की जानकारी कंट्रोल रूम से मिल सकेगी।